# राजधानी में राजस्थान के व्यक्ति को मारी गोली

**रांची। वरीय संवाददाता**

रांची। रांची में बेखौफ अपराधी लगातार आपराधिक वारदात को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला धुर्वा थाना क्षेत्र के सिठियो रिंग रोड का है। यहां पर लूटपाट का विरोध करने पर अपराधियों ने एक ट्रक चालक को गोली मारकर घायल कर दिया। अपराधियों ने इस वारदात को सोमवार को भोर में अंजाम दिया है। हालांकि गोलीबारी की घटना में घायल ट्रक चालक राजू सिंह को आनन-फानन में रिम्स ले जाया गया है, जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घायल राजू मूलरूप से राजस्थान का रहने वाला है। वहीं घटना को अंजाम देकर बाइक सवार चारो अपराधी मौके से फरार हो गए। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक को बयान भी दर्ज किया है। जिसमें चालक ने पुलिस को बताया कि वह सिठियो रिंग रोड में अपने खलासी के साथ आराम कर रहा था। इसी दौरान अपराधी पहुंचे और उनसे लूटपाट किया। विरोध करने पर अपराधियों ने उन्हें पेट में गोली मारकर फरार हो गए। मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची। इधर, दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस अपराधियों की पहचान के लिए इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरा से फुटेज खंगाल रही है।

**लूटपाट के बाद भिड़े तो दो गोली की फायर :** मिली जानकारी के अनुसार राजू सिंह पटना से एक कंटेनर में माल लोड कर तुपुदाना के इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित एक फैक्ट्री में उसे पहुंचाने के लिए रांची आया हुआ था। माल अनलोड करने के बाद वह धुर्वा थाना क्षेत्र के सीठीओ रिंग रोड के पास एक ढाबे में खाना खाने के बाद अपने ही कंटेनर में सोया हुआ था। उसके साथ कंटेनर के दो और खलासी भी थे। उसी दौरान बाइक पर सवार चार अपराधी सड़क के किनारे खड़े कंटेनर के पास पहुंचे। राजू सिंह को उठाकर हथियार के बल पर उससे लूटपाट करने लगे। इस दौरान अपराधियों राजू से 22 हजार रुपये लूट लिए। लूटपाट के दौरान ही राजू और उसके साथी अपराधियों से भिड़ गए। तभी एक अपराधी जिसके हाथ में हथियार था उसने गोलियां चलानी शुरू कर दी। उसी में से एक गोली राजू को लग गई, जबकि एक कंटेनर के सीसे में जा लगी।

**पीसीआर ले गयी रिम्स**

गोली मारने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए वहीं राजू सिंह के साथी उसे कंटेनर में बिठा अस्पताल और पुलिस की तलाश करते हुए रिंग रोड की तरफ बढ़ चले। इसी दौरान सड़क पर उन्हें पुलिस की पेट्रोलिंग टीम (पीसीआर 29) दिखाई दी, जिन्हें उन्होंने पूरे घटना की जानकारी दी। पेट्रोलिंग वाहन ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तुरंत राजू सिंह को आनन फानन में इलाज के लिए रिम्स बाल में भर्ती करवाया।

## NEWS इन ब्रीफ

### विधानसभा अध्यक्ष राजपाल से की मुलाकता



रांची। राज्यपाल झारखंड रमेश बैस से सोमवार को झारखण्ड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने राज भवन में भेंट कर नव वर्ष की बधाइयां दीं। इस अवसर परा अध्यक्ष ने झारखण्ड विधानसभा सचिवालय द्वारा प्रकाशित वर्ष 2023 की डायरी भी राज्यपाल को प्रस्तुत किया।

### मध्याह्न भोजन में बच्चों को स्कूल में नहीं मिल पा रहा है अंडा

रांची। भोजन का अधिकार अभियान और नरेगा वाच ने खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग और वित्त मंत्री डॉः रामेश्वर उरांव से सोमवार को मिलकार स्मरण पत्र सौंपा। पत्र में कहा गया है कि स्कूलों और आंगनबाड़ियों में हर दिन अंडा देने का वायदा सरकार ने किया था, पर ऐसा नहीं हो रहा। पेंशन कवरेज को हाल में ही विस्तार किया गया है। अभी भी सार्वभौमिक पेंशन की बात पूरी नहीं हो सकी है। 2500 रुपये प्रति माह की बढ़ी हुई दर के स्थान पर पेंशन मात्र 1000 रुपये प्रतिमाह ही दिया जा रहा है। सरकार कार्ड धारियों को राशन उपलब्ध नहीं करा पा रही है। ग्रीन कार्ड धारकों को हर माह 5 किग्रा प्रति व्यक्ति देना है। वह भी नहीं मिल पा रहा है। इससे इसके उद्देश्य प्रभावित हो रहे हैं। भोजन का अधिकार अभियान टीम के सदस्यों ने उम्मीद जताते हुए कहा कि आगामी 2023-24 के झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में सरकार इस दिशा में सकारात्मक प्रयास करेगी।

### बारीडीह से मोटरसाइकिल की चोरी

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के बारीडीह सिकिदिरी रोड किनारे से अज्ञात चोरों ने अपने रिश्तेदार के यहां आए व्यक्ति की मोटरसाइकिल की चोरी कर ली। मोहन महतो मोटरसाइकिल लेकर अपने रिश्तेदार कालेश्वर महतो के यहां आए थे और मोटरसाइकिल को सड़क के ऊपर टांड़ में खड़ी कर कालेश्वर महतो के घर गये। लगभग 10 मिनट के बाद वापस आये तो मोटरसाइकिल गायब मिली। मोहन महतो ने ओरमांझी थाने में मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर प्लस (जेएच-01डीयू-6404) की चोरी होने का सन्हा दर्ज कराया है। मोहन महतो ने इस संबंध मे बताया कि मोटरसाइकिल की डिक्की में मेरा, मेरी पत्नी और बेटी का एवं विद्यालय प्रबंध समिति का बैंक पासबुक, पैन कार्ड, आधार कार्ड, ऑरिजिनल जमीन का रसीद सहित कई जरूरी कागजात थे। मामला दर्ज होने के बाद ओरमांझी पुलिस मोटरसाइकिल की खोजबीन कर रही है।

### जामा मस्जिद कमिटी का गठन

**मुरी।** जामा मस्जिद, मुरी रेलवे स्टेशन के समीप मस्जिद कमेटी की चुनाव संपन्न हुई। इस मस्जिद कमेटी के चुनाव पूर्व सेक्रेटरी हाजी कलीम हसन की अध्यक्षता में की गई। मस्जिद कमेटी की चुनाव गुप्त मतदान के द्वारा किया गया और मतदान के पश्चात रिजल्ट की घोषणा हुई जिसमें हाजी अब्दुल हमीद (सेक्रेटरी), मोहम्मद जफर अली ( सदर/प्रेसिडेंड), तरन्नुम फैजी कोषाध्यक्ष, महताब आलम, नाएब सेक्रेटरी,वाइस सेक्रेटरी अशरफ अली, नाएब सदर/ वाइस प्रेसिडेंट चुने गए। ये नई कमेटी अब मस्जिद की कार्यों का संचालन व देख-रेख करेगा।

### बिजली करंट की चपेट में आकर किसान का बेटा हुआ घायल

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के महुगांव गांव निवासी किसान भोला गोप के 16 वर्षीय पुत्र निखिल गोप बिजली करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां घटना के बाद मौके पर मौजूद आसपास के लोगों ने तत्काल करंट की चपेट में आए निखिल गोप को करंट से बचाते हुए तत्काल उठाकर इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

## गरीबों की सेवा से बड़ा कोई सेवा नहीं : सांसद

**ओरमांझी।** प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने सोमवार को पांचा पंचायत के विभिन्न गांवो में कड़ाके की ठंड को देखते हुए 200 वृद्ध असहयों के बीच कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर वृद्धजनों को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नजदीकी से गरीबी को देखा है। इसीलिए उन्होंने जितने भी योजनाएं बनाएं सभी गरीबों के हित कि योजना बनाया है। गरीबों के लिए उज्जवला योजना, भारत स्वच्छ मिशन, शौचालय, जन धन योजना, सौभाग्य योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि अनेक योजनाएं हैं जो आजादी से अब तक नहीं बनी। भारतीय जनता पार्टी और नरेंद्र मोदी के कार्यों से प्रभावित होकर सरोज महतो, राजकिशोर मुंडा, धर्मनाथ पहन, कृष्णा महतो, विक्की कुमार ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सांसद आदित्य साहू, प्रदेश किसान मोर्चा अमरनाथ चौधरी, पुनीत गुप्ता, सुरेंद्र महतो, सुनील महतो सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

शहीद शेख भिखारी व टिकैत उमराव सिंह के शहादत दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

# गरीबों के बीच कंबल व जैकेट का वितरण



नवीन मेल संवाददाता

रातू। प्रखंड के फुटकलटोली स्थित जामिया अहले सुन्नत हज्जन समीरनलील बनात मे सोमवार को महान स्वतंत्रता सेनानी शहीद शेख भिखारी का शहादत दिवस मनाया। साथ ही टिकैत उमराव सिंह को श्रद्धा के साथ याद किया गया। मौके पर आयोजित कांफ्रेंस मे मुख्य अतिथि जेबा कादरी ने शहीदों को नमन करते हुए लोगों से उनके आदर्शों पर चल समाज को दिशा देने का आह्वान किया। साथ ही समाज से दहेज प्रथा की कुरीतियों से बचने के लिए इसे समाप्त करने को कहा। उन्होंने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि मुसलमानों में शिक्षा की घोर कमी है। अभिभावक अपने बच्चों को दिनी तालीम दें। कांफ्रेंस को तस्लीमा खातून, यास्मीन फातमा, निखत फातमा, रोकया, गाजला परवीन आदि ने भी संबोधित कर समाज को आगे बढ़ाने में शिक्षा के महत्व को बताया। उन्होंने व्यवहारिक शिक्षा के साथ दीनी तालिम देने का आह्वान किया। इससे पूर्व अतिथियों व मौलाना को बुके देकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत तिलावत ए कुरआन से की गई। आयोजित महिला कांफ्रेंस मे महिलाओं से अपने बच्चे को शिक्षित करने की अपील की गई। कांफ्रेंस में झारखंड समेत बिहार, बंगाल व उत्तर प्रदेश के उलेमाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन दरख्शा परवीन ने किया। मौके पर मदरसा के संस्थापक व झामुमो नेता सह रातू प्रखंड अंजुमन कमेटी के अध्यक्ष कमरुल हक ने 11 सौ लाचार, वृद्ध महिला-पुरुष को कंबल व गरम वस्त्र प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मौलाना शमीम, गुलाम साबिर के अलावा बेलाल अंसारी, असलम अंसारी, अजमूल हक, सिराजुद्दीन अंसारी, रिजवान, मोख्तार शाह, नवाजिसुल हक, सदाम अंसारी आदि लोग मौजूद थे।

# गांव के युवाओं को ओडीए संस्था ने किया खेल सामग्री का वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** ग्रामीण युवाओं में खेलकूद को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ओडीए संस्था रांची के सचिव आशीष कुमार के द्वारा बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली गांव के नव युवकों के बीच खेल सामग्री का वितरण किया। खेल सामग्री में दो सेट वॉलीबॉल और वॉलीबॉल का नेट प्रदान किया गया। वही इस खेल में कौशल प्राप्त कर युवक प्रखंड स्तरीय जिला स्तरीय और राज्य स्तरीय वॉलीबॉल के टूनामेंट में भाग ले सके और अपने खेल को और अधिक अच्छा कर सके। वॉलीबॉल का एक टीम राजकिशोर लोहरा के नेतृत्व में नेट और बॉल प्राप्त किए और दूसरा टीम प्रेम उरांव के नेतृत्व में नेट और बॉल प्राप्त किए। जहां मौके पर गांव के हरिहरपुर जामटोली लैंपस के अध्यक्ष चरवा उरांव और गांव के ही गोविंद गोप के सहयोग से गांव में दो स्थानों पर वॉलीबॉल का कोर्ट बनाया गया और उसमें पोल को जाम किया गया। जिसमें युवकों के द्वारा खेल का प्रेक्टिस किया जाएगा। इस अवसर पर राजकिशोर लोहरा, गोविंद गोप, अभिषेक उरांव, अनुज उरांव, रोहित केरकेट्टा, प्रेम लोहरा, संदीप लोहरा, लिबान उरांव, बजरंग उरांव और संदीप लोहरा उपस्थित थे। वॉलीबॉल प्राप्त करने वाले गांव के युवाओं में बहुत उत्साह देखा गया। जहां उन्होंने आश्वासन दिया है कि वे प्रतिदिन खेलकर अपने कौशल का विकास करेंगे।

# पैरा थ्रो बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया का तीन दिवसीय शिविर का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पैरा थ्रो बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा तीन दिवसीय शिविर का आयोजन ई-रोड, तमिलनाडु में किया गया है। यह आयोजन 12 जनवरी 2023 से 14 जनवरी 2023 तक चलेगा। शिविर के बाद भारतीय टीम का गठन किया जाना है ।जिसमें झारखंड राज्य से 6 पुरुष और 6 महिला खिलाड़ी है सनोज महतो, चंदन लोहरा, पवन लकड़ा, कमलेश उरांव, राजेश कुमार मेहता, एम.डी नशिम अली, अनीता तिर्की, प्रतिमा तिर्की, पुष्पा मिंज, अशुंता टोपो, महिमा उरांव, तारामणि लकड़ा इने सभी खिलाडियों को इस शिविर में सामिल होने का मौका मिला है और इस बाद शिविर में जो भी खिलाड़ी अच्छा परफॉर्मेंस करेंगे उन्हें भारतीय टीम में जगह मिलेगी, आगामी आने वाली फरवरी में नेपाल और बांग्लादेश का दौरा करेगी। पैरा ओलंपिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सचिव मुकेश कंचन सभी खिलाड़ियों को रांची रेलवे स्टेशन से शुभकामनाओं के साथ टीम को रवाना किया। मुकेश कंचन ने बताया कि थ्रो बॉल में झारखंड की प्रतिभा काफी ही बेहतरीन है पिछले महीने ही नेशनल में महिला वर्ग में झारखंड को सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ था, मुकेश जी का कहना है कि निश्चित तौर पर झारखंड के खिलाड़ी भारतीय टीम में जगह बना पाएंगे । सभी खिलाड़ियों को राहुल मेहता अध्यक्ष पैरा ओलंपिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड ,सरिता सिन्हा सचिव झारखंड डिसेबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन , डॉ शमशेर आलम राही अध्यक्ष डी.आर.डी फाउंडेशन , जाहिद अंसारी डॉ सुनीता कुमारी संजू कुमारी एवं कोरल कुमार द्वारा खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी गई ।

# स्वास्थ्य मंत्री ने किया अस्पताल भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन



नवीन मेल संवाददाता

**सिल्ली।** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने सोमवार को सिल्ली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पुराने भवन परिसर में 11 करोड़ की लागत से बनने वाले 30 शय्या वाले अस्पताल भवन के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह भवन सिल्ली क्षेत्र के स्वास्थ्य के क्षेत्र में दिशा व दशा बदल देगी। इससे पूर्व स्वास्थ्य सहिया एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने मंत्री बन्ना गुप्ता भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन एएनएम सुनंदा जयसवाल ने किया। इस मौके पर पुर्व विधायक केशव महतो कमलेश, कांग्रेस पार्टी रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, सांसद प्रतिनिधि विनोद कुमार साहू, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नगेन्द्र नाथ गोस्वामी सीएस डॉ विनोद कुमार , चिकित्सा प्रभारी डॉ जितेंद्र महली, जिला कार्यक्रम प्रबंधक समरेश सिंह, डॉ अति रंजन, डॉ विनीता, मारुति नंदन, शशि भूषण चौबे, कमल दे , विनोद कुमार, जादू गोराई, तुलसी महतो समेत सभी स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## स्व. राजा ठाकुर बादल चंद्र सिंह के मूर्ति का अनावरण

**सिल्ली।** सिल्ली के पतराहातु बाजार टाड़ में स्व राजा ठाकुर बादल चंद्र सिंह की मूर्ति का अनावरण उनके पुत्री मुखिया सरिता सिंह, उमाकान्त सिंह मानकी एवं उनके परिजनों द्वारा किया गया। ज्ञात हो कि आड़ाल गांव के स्व राजा ठाकुर बादल चंद्र सिंह क्षेत्र के 6 मौजा के राजा थे जिसमें आड़ाल, नवाडीह, पतराहातु , करियाडीह , बड़ा चागड़ु एवं छोटा चगड़ु मौजा शामिल है। इस अवसर पर सरिता सिंह के मामा उमाकांत सिंह मानकी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से लोगों को पूर्वजों द्वारा बताए गए रास्ते पर चलकर गांव और गरीब के विकास करने में प्रेरणा मिलती है। स्व राजा ने अपनी संस्कृति की रक्षा के साथ साथ क्षेत्र एवं समाज के लोगो के लिए कई कार्य किए । ऐसे महान व्यक्तित्व के धनी स्व.ठाकुर बादल चंद्र सिंह के मूर्ति अनावरण कार्यक्रम में आकर हर्षित महसूस कर रहा हूं। इस मौके पर मुखिया सीमा गोंझु, पुरनु सिंह, प्रदीप कुमार मांझी, समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# रांची जिला ग्रामीणों ने किया भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम का सलतापूर्वक आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिल्ली।** सोमवार को रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के तत्वाधान में सिल्ली प्रखंड में सिल्लीडीह से झारखंड मोड़ तक सफलतापूर्वक भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय जी ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम जी, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता जी, विधायक राजेश कच्छप जी शामिल हुए। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी ने कहा जिस तरह सिल्ली केशव कमलेश महतो का जलवा देखा था अब डॉक्टर राकेश किरण महतो का जलवा देख रहे हैं राहुल गांधी जी जो सपना देखा था उसको हम सब मिलकर पूरा करेंगे राहुल गांधी के परिवार ने जो बलिदान दिया है हम कैसे भूल जाएं और हम कैसे भूल सकते हैं कांग्रेस पार्टी महंगाई और नफरत से आजादी दिलाएगी पूरे राज हम रुतबा दिलाएंगे राहुल गांधी कहते हैं कि नफरत की शहर में मैं मोहब्बत खोजने निकला हूं कांग्रेस पार्टी ने वो काम किया है जिसे आज मोदी सरकार ने बेचने का काम कर रहे हैं।भारत जोड़ो यात्रा के प्रदेश संयोजक सुबोध कांत जी ने कहा कि मोदी जी बोले थे 2014 में सब के खाते में 1500000 रुपए आएगी सभी को रोजगार देंगे लेकिन ऐसा नहीं हो सका मुगलों ने 200 साल राज किया लेकिन वह हमारा कुछ भी नहीं कर पाए लेकिन मोदी ने त्राहि त्राहि माम करके रखा। कांग्रेस विधायक दल के नेता व मंत्री आलमगीर साहब ने कहा केंद्र की सरकार जनता की बातों को जब नहीं सुनती है और नहीं मानती है तो हमें सड़क पर उतरना पड़ता 2024 में भारतीय जनता पार्टी ने कहा था कि मैं आऊंगा तो महंगाई कम कर दूंगा बेरोजगारों को रोजगार दूंगा।

धर्म आध्यात्म

## सभी श्रद्धालुओं श्रीमद् भागवत की आरती की

# दूसरों को सुख देने से बड़ा कोई पुण्य नहीं : सदानंद जी महाराज



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** चार दिवसीय श्रीमद्भागवत कृष्ण कथा के अंतिम दिन कथा के यजमान सुनीता राजू अग्रवाल एवं परिवार के सभी सदस्यों तथा संस्था के सदस्यों ने बड़े ही प्रेम से श्रीमद् भागवत का पूजन तथा स्वामी श्री सदानंद महाराज को माल्यार्पण चंदन वंदन कर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं भक्तों के साथ श्रीमद् भागवत की आरती की कथा की अमृत वर्षा स्वामी सदानंद जी महाराज के मुखारविंद से भक्तों ने श्रवण किया। शिवगंज हरमू रोड स्थित सत्संग भवन में श्री कृष्ण प्रणामी सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के समापन दिन व्यास पीठ पर आसीन संत श्री सदानंद महाराज ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि मन वाणी समस्त इंद्रियों के द्वारा जो जो भी करें वह सब परम पुरुष भगवान को समर्पित करते हुए करें। यही भागवत धर्म है। साधना भक्ति के द्वारा प्रेम भक्ति प्राप्त होती है और वह भगवान के पारायण होकर माया को अनायास ही पार हो जाता है। विषयी पुरुष को वन में भी कामादि शत्रु सताते हैं जितेन्द्रिय का घर में ही पांच इंद्रियों का निग्रह करना तप है। जिसके हृदय में वैराग्य जागृति हो उसके लिए घर ही तपोवन है। समस्त उपनिषदों का सार है ब्रह्म और आत्मा का एकत्वरूप अद्वितीय सदवस्तु। वही श्रीमद्भागवत का प्रतिपाद्य विषय है। इसके निर्माण का प्रायोजन है एक मात्र कैवल्य मोक्ष है। जो लोग विषय चिंतन में लगे रहते हैं उनकी इंद्रिय विषयों में फंस जाती है।मन को भी उन्हीं की ओर खींच लेती है जैसे जलाशय के तिर पर उगे कुशादी जल खींचते उसी प्रकार इंद्रियां शक्ति मन बुद्धि विचार शक्ति को हर लेता है। जो लोग भगवान की लीलाओं को श्रद्धा के साथ नित्य श्रवण करते हैं उनके हृदय में थोड़े ही समय में भगवान प्रकट हो जाते हैं। समिति के द्वारा महाराज जी एवं सभी संगीतकारों का सम्मान किया गया सभी श्रोता प्रेम से भागवत भगवान को प्रणाम कर महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया अंत में उन्होंने कहा कि इस प्रकार सुखदेव जी के मुखारविंद से राजा परीक्षित ने श्रीमद्भागवत कथा सुनी उन्हें मोक्ष प्राप्त तत्पश्चात कथा के यजमान तथा उनके परिवार एव संस्था के सदस्यों ने व्यास पूजा कर पुणार्हुति की। परम पूज्य गुरुवर ने बताया कि श्री कृष्ण प्रणामी लगातार 35 वर्षों से सेवा प्रकल्प का कार्य करती आ रही है जिसके अंतर्गत पोलियो ग्रस्त रोगियों का उपचार अनाथ लड़कियों का विवाह , लालन - पालन तथा शिक्षा की सेवा, गौ सेवा की जाती है।


## कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, गुमला
(आई0टी0डी0ए0)

### सूचना

**नागरिक सुरक्षा अधिनियम 1955 एवं अनुसूचित जाति, अनुसुचित जनजाति (अत्याचार) अधिनियम 1989**

भारत सरकार के द्वारा नागरिक सुरक्षा अधिनियम 1955 एवं अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति (अत्याचार) अधिनियम 1989 के तहत झारखण्ड में National Call Center की स्थापना कल्याण कॉम्पलेक्स, मोराबादी, राँची में स्थापित की गई है।

झारखण्ड राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के सदस्यों पर हो रहे अत्याचार के विरूद्ध भारत सरकार के द्वारा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु स्थापित इस National Call Center के लिए Toll Free No. जारी किया जा रहा है, जो निम्नवत् है :–

**Toll Free No. - 18002021989**

जिला कल्याण पदाधिकारी,
गुमला

PR 287036 Welfare(22-23)#D

## झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

### अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 31/2022–23

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय | दिनांक 24.01.2023 (कार्यालय दिवस में 11:00 बजे पूर्वाहन् से 03:00 बजे अपराहन् तक)। |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | दिनांक 27.01.2023 (अपराहन् 03:00 बजे तक)। |
| 4. | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | दिनांक 27.01.2023 (अपराहन् 03:30 बजे)। |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 6. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग |

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख) | अग्रधन की राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | कटकमदाग प्रखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुलताना का उन्नयन कार्य। | 3475900.00 | 70000.00 | 5000.00 | 9 माह |
| 2 | कटकमसांडी प्रखण्ड के स्वास्थ्य उपकेन्द्र कण्डसार का उन्नयन कार्य। | 3067550.00 | 61500.00 | 5000.00 | 9 माह |
| 3 | पदमा प्रखण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का उन्नयन कार्य। | 3783750.00 | 76000.00 | 5000.00 | 9 माह |
| 4 | बरही प्रखण्ड के स्वास्थ्य उपकेन्द्र गरवा का उन्नयन कार्य। | 3111750.00 | 62500.00 | 5000.00 | 9 माह |
| 5 | कटकमदाग प्रखण्ड के स्वास्थ्य उपकेन्द्र पुंदरी का उन्नयन कार्य। | 1022350.00 | 20500.00 | 2500.00 | 6 माह |
| 6 | डाडी प्रखण्ड के स्वास्थ्य उपकेन्द्र बलसगरा का उन्नयन कार्य। | 1159400.00 | 23500.00 | 2500.00 | 6 माह |
| 7 | डाडी प्रखण्ड के स्वास्थ्य उपकेन्द्र हेसालौंग का उन्नयन कार्य। | 1982350.00 | 40000.00 | 5000.00 | 9 माह |

नोट: 1. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
2. निविदा शुल्क किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में स्वीकार किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जाएगा। बैंक ड्राफ्ट कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग के पदनाम से देय होगा। बैंक ड्राफ्ट की वैधता निविदा की तिथि से 80 दिनों तक होना आवश्यक है।
3. 10% प्रतिशत से न्यून निविदाओं के लिए additional performance security के रुप में परिमाण विपत्र की राशि से–
i. 10% से 20% below तक की राशि का 20% तथा
ii. 20% से अधिक below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा।
विस्तृत जानकारी के लिए निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
हजारीबाग।

PR 287116 (Rural Development) 22-23 (D)

## NEWS इन ब्रीफ

### पूर्व महासिचव रमेश पाण्डेय ने प्रदेश अध्यक्ष से की मुलाकात



**नामकुम।** रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव व प्रवक्ता रमेश पाण्डेय ने कांग्रेस पार्टी को संगठन विस्तार व मजबूती को लेकर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से मुलाकात की। इसके साथ ही नव वर्ष के अवसर पर नामकुम के जोरार स्थित जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर आत्मानंद पाण्डेय, विनय शिल सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

### ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए झापा युवा नेता

**कोलेबिरा।** सोमवार को झारखंड पार्टी युवा नेता संदेश एक्का के द्वारा कोलेबिरा प्रखंड के जामटोली ग्राम का भ्रमण किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने बैठक कर अपनी समस्याओं से रूबरू कराया ग्रामीणों ने कहा कि मूलभूत समस्याओं के अलावा सड़क बिजली पीएम आवास योजना का लाभ, के अलावे गांव के जरूरतमंद लोग वृद्धा, विधवा पेंशन राशन कार्ड इत्यादि समस्याओं के बारे में बताया। झापा युवा नेता ने कहा कि इस गांव के ग्रामीणों से जो भी समस्याएं सूचीबद्ध मैंने कर लिया है जब मैं क्षेत्र से जीतकर आऊंगा तो अवश्य मेरे पिता मेरे पिता के सपनों को हकीकत में बदलने की रफ्तार होगी ।ग्रामीण स्तर पर ही सरकारी पदाधिकारियों के साथ बैठकर गांव में ही इन सभी समस्याओं का निदान किया जाएगा।

### वाहन टैक्स जमा करें अन्यथा वाहन को किया जायेगा जब्त

**गुमला ।** घाघरा थाना गेट के सामने डीटीओ विजय सिंह बीरूवा एवं घाघरा थाना सब इंस्पेक्टर प्रवीण महतो के द्वारा सोमवार को वाहन जांच अभियान चलाया गया वाहन जांच अभियान के दौरान सभी प्रकार के वाहनों के इंश्योरेंस फिटनेस परमिट पोलूशन वाहन चालकों से लाइसेंस दो पहिया वाहन चालक के हेलमेट की जांच की गई एवं टैक्स खेल 10 टेम्पू को जप्त कर थाना में रखा गया इस संबंध में डीटीओ विजय सिंह बीरूवा ने कहा कि सभी टैक्स डिफॉल्टर वाहन के मालिक स्वेच्छा से ही टैक्स जमा कर ले खासकर टैक्स डिफॉल्टर टेम्पो को हमारे यहाँ जब्त कर लिया गया है। मीडिया के माध्यम से यह आग्रह होगा कि कि टैक्स डिफॉल्टर वाहन के मालिक शीघ्र ही टैक्स जमा करें नहीं तो सशक्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।बहुत सारे गाडी को चेक करने पर पाया गया कि गाड़ी के फिटनेस पोलूशन फेल है जिससे दुर्घटना का आंकड़ा बढ़ रहा है।

### सिमडेगा के थाना प्रभारी दयानंद को समारोहपूर्वक दी गई विदाई

# उनका कार्यकाल याद रखा जाएगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा थाना परिसर में कार्यक्रम आयोजित करते हुए सोमवार को सिमडेगा के निवर्तमान थाना प्रभारी इंस्पेक्टर दयानंद कुमार को विदाई दी गई। पुलिस एसोसिएशन की ओर से आयोजित विदाई कार्यक्रम में सर्वप्रथम पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया, जिसके बाद शाल ओढ़ाकर एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष द्वारा कहा गया कि इनके कार्यकाल को सदैव सिमडेगा की जनता याद रखेगी। इनके द्वारा किए गए कार्य सराहनीय रहा थाना सहित अंचल के कार्यकाल में भी आम जनमानस के प्रति इनका व्यवहार पूरी तरह से कुशल रहा जिससे जनता में इनके प्रति काफी रुझान रहा और आम जनमानस थाना आकर अपनी समस्याओं को बढ़-चढ़कर पुलिस एवं पब्लिक के बीच के संबंध को बरकरार रखा इनके कार्यकाल में कई बड़ी उपलब्धियां पुलिस को हासिल हुई जो सदैव याद रखी जाएगी। मौके पर दयानंद कुमार ने भावुक होते हुए कहा कि



सिमडेगा में किए गए कार्य सदैव याद आएंगे और यहां की जनता से जो मुझे प्रेम और स्नेह मिला वह कभी भुला नहीं जा सकता सरकारी प्रक्रिया के तहत सरकारी कर्मियों का आना जाना लगा रहता है लेकिन सिमडेगा से बहुत कुछ सीखने को मिला और यह सदेव जीवन भर याद रखेंगे। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डेविड ए ढोढराय,मनीष कुमार राय,विद्युत महथा,मेजर खुशीलाल महतो, सिमडेगा थाना प्रभारी राज कपूर सेठ,मुफस्सिल थाना प्रभारी अरविंद कुमार ,सुधीर बाड़ा ,अक्षय कुमार, चंदन कुमार ,महिला थाना प्रभारी कविता मंडल ,सब इंस्पेक्टर मंजूश्री कुंकल सहित अन्य पुलिसकर्मियों पर स्थित रहे।

### मात्र तीन माह में आवास निर्माण पूरा कराने वाले लाभुक हुए सम्मानित

**लोहरदगा/कैरो।** कैरो प्रखण्ड के गुड़ी पंचायत स्थित नगड़ाटोली में आज प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के कुल 15 लाभुकों को प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में समाज के बीच सम्मानित किया गया। ये वैसे लाभुक रहे जिन्होंने मात्र तीन महीने में अपने आवास का निर्माण कार्य अपनी देख-रेख में पूरा कराया। मौके पर कैरो प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने कहा कि कोई जरूररी नहीं कि हमेशा आपको समाज के अगुवा ही प्रेरित करें। कभी-कभी एक साधारण सा व्यक्ति भी आपको बहुत कुछ सिखा जाता है। आज कैरो प्रखण्ड के उन गरीब और सामान्य किंतु जिम्मेवार और द्दढ़ संकल्प वाले लोगों को पगड़ी पत्तना (फेंटा बंधाई/पगड़ी पोशी) कार्यक्रम के माध्यम से पगड़ी पहना कर सम्मानित किया। इनमें दौलेश मिंज, सोमारी उरांव, अबुल अंसारी, तुलसी महतो, रामोतार उरांव आदि वैसे लोग हैं।

# प्रियाशा ने ताइक्वांडो चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अपने असाधारण खेल कौशल एवं मार्शल आर्ट्स का प्रदर्शन करते हुए, डीपीएस राँची की प्रियाशा त्रिपाठी (कक्षा क) ने सीबीएसई नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। उन्होंने यह खिताब अंडर 17 आयु वर्ग (44 के.जी. वेट कैटेगरी) में जीता है। इस चैंपियनशिप का आयोजन एस.जी. पब्लिक स्कूल, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में किया गया था। इस अवसर पर विद्यालय के माननीय प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने प्रियाशा को उनकी सफलता पर उन्हें बधाई दी और उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया।

# सेन्हा के बूटी झखरा गांव में डिफेंस अकादमी ने चलाया जागरूकता अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** डिफेंस एकेडमी लोहरदगा के द्वारा सेन्हा प्रखंड के बूटी झखरा गांव में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान युवाओं को नशा पान छोड़ शैक्षणिक और आर्मी, पुलिस, एसएससी जीडी,रेलवे, इंडियन नेवी और इंडियन एयरफोर्स जैसे भर्ती कंपटीशन करने के लिए प्रेरित किया गया। डिफेंस एकेडमी के अध्यक्ष विनय उरांव व उनकी टीम ने पंचायत एवं गांव - गांव में जाकर नशा पान, जुआ, प्रेम जाल में फंसने - फंसाने जैसे गलत राह में जाकर समय बर्बाद कर रहे युवा - युवतियों को समय रहते अपने माता-पिता के उम्मीद और अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने का रास्ता बतलाया। अपने लक्ष्य के प्रति चिंतन मनन करें और पढ़ाई लिखाई



और फिजिकल की तैयारी कर आर्मी, पुलिस, रेलवे एसएससी जीडी, एयर फोर्स, इंडियन नेवी जैसे डिफेंस लाइन के भर्तियों में तैयारी कर बहाल हो सके और अपने और अपने परिवार के साथ-साथ अपने गांव का वातावरण को सुधार सके। मौके पर एकेडमी के अध्यक्ष विनय उरांव ने कहा कि यह जागरूक अभियान चरणबद्ध अनुसार सबसे पहले लोहरदगा जिला के सभी प्रखंड के पंचायत और गांव - गांव में जाकर युवा युवतियों से मिलकर जागरूक किया जाएगा और सभी युवा वर्ग को प्रेरित किया जाएगा। मौके पर उपस्थित डिफेंस एकेडमी एकेडमी के सचिव निलेश कुमार तमेड़ा, एकेडमी के संरक्षक आदित्य कुमार साहू, हरि भगत, राजकुमार उरांव, सविता कुमारी, रोहित उरांव आदि शामिल रहे।

### पत्नी को कीटनाशक दवा खिलाकर मारने वाला पति गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने पत्नी को कीटनाशक दवा खिलाकर मारने वाले पति को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी पति का नाम मनसा महतो है और वह तमाड़ थाना क्षेत्र के परासी गांव का रहने वाला है। मामले का खुलासा करते हुए ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि आरोपी मनसा और उसकी पहली पत्नी रमला देवी के बीच छोटी-छोटी बात को लेकर झगड़ा होता था। दूसरी पत्नी को वह हर तरह की सुविधा मुहैया कराता था। इस कारण आरोपी का पहली पत्नी के साथ संबंध ठीक नहीं था। इसी वजह से आरोपी ने उसे बीते दो जनवरी को कीटनाशक दवा खिला दिया। जिससे उसकी स्थिति गंभीर हो गयी। आनन-फानन में उसे रिम्स में फर्ती कराया गया। जहां मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद रमला को मृत घोषित कर दिया। इस मामले में रमला के भाई कार्तिक महतो ने जीजा मनसा और उसकी दूसरी पत्नी सहचरी देवी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

# 14 वर्षीय छात्र अब्दुल अंसारी ने हाफिज की उपाधि प्राप्त की

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** प्रखंड मुख्यालय में स्थित फैजुल रशीद मदरसा सिसई में अध्यनरत एक 14 वर्षीय छात्र अब्दुल अंसारी ने हाफिज की उपाधि प्राप्त करने पर सिसई के फलाउल मुस्लेमीन अंजुमन के सदर सेकेट्री सलमान अली, मौलाना मोती उल्लाह शाहब, हाजी अब्दुल मन्नान ने छात्रों को शॉल और स्कूल वेग देकर सम्मानित किया। प्रखंड के मदरसे में मुस्लिम धार्मिक शिक्षा ग्रहण कर रहे बघनी गांव निवासी अब्दुल अंसारी ने बीते आठ माह में कुरान पाक के तीस पारा कंठस्थ याद कर लिया है। हाफिज अब्दुल अंसारी को सम्मानित करते हुए हाजी मनान साहब ने कहा कि झारखंड में पहली बार ऐसा हुआ है कि कोई धार्मिक शिक्षा ग्रहण करने के दौरान



8 महीना में हाफिज प्राप्त किया। हाफिज का उपाधि प्राप्त करने में 1 वर्ष या डेढ़ वर्ष लग जाता है। लेकिन अब्दुल अंसारी ने 8 माह में ही याह करनामा कर सिसई गुमला और झारखंड राज्य का नाम रोशन किया है उन्होंने कहा कि फैजुल रशीद मदरसा सिसई का इतिहास है 70 वर्षो से चल रहा है यहां मदरसा में झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों के गरीब बच्चे निशुल्क शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं इन बच्चों की उपलब्धि में मदरसा में शिक्षा दे रहे शिक्षकों की काफी अहम भूमिका है आने वाले समय में इसे और बेहतर होगा। मौके पर मदरसा के पुर्व सदर आजी रिजवान अंसारी , हाजी जहुर अंसारी, हाजी मोहताज अंसारी, हाफीज कमाल उद्दीन मौलाना, खतेबुलाह रहमान काली, मो०हुजेयफ शाहब मौलाना, जेयाउलला मुफ्ती रशीद शाहब, हाफीज खादीम शाहब, हाफीज अब्दुल रशीद शाहब, हाफीज मोनतजीर शाहब ,जलाल शाहब सहित कई लोग उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गोष्ठी आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** विद्या भारती योजना के अनुसार सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में सोमवार को शोध गोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी दो सत्रों में संपन्न हुई। प्रथम सत्र वंदना सभा में भैया बहनों को शोध के बारे में विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने अवगत करवाया तथा कहा शोध मानव ज्ञान को दिशा प्रदान करता है तथा ज्ञान भंडार को विकसित करने में सहायक है। यह व्यक्ति के बौद्धिक विकास में सहायक होता है। विद्यालय के सभी आचार्य भी निरंतर शोध प्रक्रिया से जुड़े रहते हैं जो विद्यालय की विधि व्यवस्था को बनाए रखने में काफी सहायक साबित होते रहे हैं। दूसरे सत्र में विद्यालय के सभी आचार्यों के बीच शोध विषय पर चर्चा की गई। पूर्व शोध प्रमुख आचार्य सुदर्शन शर्मा एवं रविंद्र महापात्रा ने अपने पुराने अनुभवों को साझा करते हुए कहा की शोध निरंतर विद्यालय व्यवस्था तथा शिक्षण व्यवस्था में सुधार की प्रक्रिया है। शोध प्रमुख अमित कुमार ने सभी आचार्यों के सहयोग से जलपान व्यवस्था तथा वेश बस्ता पर हुए शोध के लिए धन्यवाद दिया तथा कहा की निरंतर शोध के परिणाम ही आज विद्यालय के शत प्रतिशत भैया बहन जलपान लेकर विद्यालय आने लगे हैं। शोध गोष्ठी के उपरांत प्रबंधक कारिणी समिति के अध्यक्ष विजय बहादुर सिंह की उपस्थिति में विद्या भारती द्वारा आयोजित अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा संपन्न हुई जिसमें कुल 34 आचार्य जी दीदी जी की सहभागिता रही। सम्मिलित आचार्यों में 20 दीदी जी तथा 14 आचार्यों की संख्या रही। प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने संस्कृति ज्ञान परीक्षा के सफल संचालन के लिए संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रमुख देवेंद्र नाथ तिवारी को धन्यवाद दिया।

### छोटे-छोटे कार्यों के लिए बैंक के चक्कर लगा रहे हैं ग्रामीण

**जलडेगा।** जलडेगा बैंक ऑफ इंडिया के कर्मचारियों द्वारा ग्राहकों को परेशान करना आम बात हो गया है। बैंक आफ इंडिया जलडेगा के ग्राहक दिन महीनों से नहीं बल्की सालों साल से ही बैंक से परेशान हैं। सैकड़ों ग्राहक ऐसे हैं जो बंद खाता को पुनः चालू कराने के लिए महीनों से चक्कर काट रहे हैं। सोमवार को बुधवा मडकी पतिअम्बा नायकटोली निवासी नामक एक खाताधारी ने बताया कि उसका खाता बंद हो गया है खाता पुनः चालू कराने के लिए कागजात भरकर विगत चार दिनों से बैंक के चक्कर काट रहा हूं। जब भी कागजात लेकर बैंक जाता हूं गलत है कहकर वापस कर दिया जाता है, मैं अनपढ़ हूं सही गलत कैसे जान पाऊंगा, पीड़ित बुधवा ने कहा कि उसके बैंक खाते में हाथी क्षतिपूर्ति मुआवजा की राशि आया है। पैसे के अभाव में क्षतिग्रस्त घर में दिन बीत रहा है, बच्चे बड़े हो गए हैं शादी ब्याह भी करना है।

# थाना प्रभारी को बर्खास्त करने की मांग को लेकर लोगों ने किया प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** देवघर नगर थाना प्रभारी रतन सिंह को बर्खास्त करने की मांग को लेकर वेटरन आगेर्नाइजेशन ऑफ झारखंड के तत्वाधान में राजभवन के पास प्रदर्शन किया गया। मौके पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सैनिक मुकेश कुमार, पूर्व सैनिक बीरेंद्र सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में पूर्व सैनिक, बैंक कर्मचारी व आम लोग शामिल हुए। लोगों ने गार्ड अशोक यादव को बाइज्जत रिहा करने तथा थाना प्रभारी को बर्खास्त कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। रतन सिंह पर पंजाब नेशनल बैंक के गार्ड व पूर्व सैनिक अशोक यादव के साथ मारपीट करने व जेल भेजने का आरोप है। प्रदर्शन में शामिल राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि पूर्व सैनिक अशोक




यादव के साथ मारपीट की घटना न सिर्फ उनका अपमान है बल्कि यह देश के सैनिकों का भी अपमान है। सैनिक मौसम के विपरीत परिस्थितियों में देश की सेवा में पूरी निष्ठा के साथ काम करते हैं, हम उन्हीं सैनिकों की पहरेदारी के कारण चैन से सो पाते हैं। वहीं, दूसरी ओर पुलिस के द्वारा वर्दी के गुरुर में आम जन के साथ अपराधियों के जैसा बर्ताव करती है, सेना व पूर्व सेना के जवानों के साथ भी पुलिस के द्वारा असहयोगात्मक रवैया अपनाया जाता है। श्री सिंह ने कहा कि देवघर की घटना पहली घटना नहीं है जहां पूर्व सैनिक के साथ मारपीट की गयी हो इसके पहले भी इस तरह की कई घटनाएं घट चुकी है। श्री सिंह ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए निलंबित थाना प्रभारी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व डीजीपी नीरज सिन्हा से बर्खास्त करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने कहा है कि उक्त आरोपी थाना प्रभारी पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाये, ताकि इस तरह की घटना की पुनर्रावृति न हो। साथ ही अशोक यादव को बाइज्जत रिहा किया जाए।

### जिम्मेदार अधिकारियों ने नहीं दिया ध्यान तो ग्रामीणों ने डीसी से लगाई गुहार

**जलडेगा।** प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत मामा भगिना और टिकरा के बीच बने एक मात्र सड़क के बीच बना पुलिया पिछले 3 जुलाई 2022 को भारी बरसात में बह गया, जो अब तक नहीं बना है ।यह सड़क टिकरा ग्राम को पंचायत मुख्यालय और प्रखंड मुख्यालय से जोड़ता है। पुलिया के बह जाने से ग्राम वासियों का सीधे तौर पर पंचायत मुख्यालय और प्रखंड मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। टिकरा वासियों को राशन लेने के लिए इसी रोड से होकर ही टिनगिना एवं सिलंगा आना पड़ता है जिससे पूरे ग्राम वासियों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। गांव के रामधन बिंझिया, बलदेव बिंझीया, बिहारू बिंझीया, फिलिप तोपनो, भीम बिंझिया और रमेश प्रधान सहित कई अन्य ग्रामीणों ने पुलिया बहने के कारण हो रही कठिनाईयों से निजात दिलाने के लिए डीसी सिमडेगा से आग्रह किया है।

### यात्रा | ग्रामीणों ने भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम का किया आयोजन

# राजीव गांधी के सपनों को मिलकर पूरा करेंगे

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के तत्वाधान में सिल्ली प्रखंड में सिल्लीडीह से झारखंड मोड़ तक सफलतापूर्वक भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, विधायक राजेश कच्छप शामिल हुए। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा जिस तरह सिल्ली केशव कमलेश महतो का जलवा देखा था अब डॉक्टर राकेश किरण महतो का



जलवा देख रहे हैं । राजीव गांधी जो सपना देखा था उसको हम सब मिलकर पूरा करेंगे । राहुल गांधी के परिवार ने जो बलिदान दिया है हम कैसे भूल जाएं और हम कैसे भूल सकते हैं । कांग्रेस पार्टी महंगाई और नफरत से आजादी दिलाएगी पूरे राज हम रुतबा दिलाएंगे । राहुल गांधी कहते हैं कि नफरत की शहर में मैं मोहब्बत खोजने निकला हूं । कांग्रेस पार्टी ने वो काम किया है जिसे आज मोदी सरकार ने बेचने का काम कर रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा के प्रदेश संयोजक सुबोध कांत ने कहा कि मोदी जी बोले थे 2014 में सब के खाते में 1500000 रुपए आएगी सभी को रोजगार देंगे लेकिन ऐसा नहीं हो सका मुगलों ने 200 साल राज किया लेकिन वह हमारा कुछ भी नहीं कर पाए लेकिन मोदी ने त्राहि त्राहि माम करके रखा। कांग्रेस विधायक दल के नेता व मंत्री आलमगीर आलम ने कहा केंद्र की सरकार जनता की बातों को जब नहीं सुनती है और नहीं मानती है तो हमें सड़क पर उतरना पड़ता 2024 में भारतीय जनता पार्टी ने कहा था कि मैं आऊंगा तो महंगाई कम कर दूंगा बेरोजगारों को रोजगार दूंगा लेकिन ना ही महंगाई कम हुई ना ही रोजगार मिला लोगों को कांग्रेस पार्टी हमेशा से अनेकता में एकता में विश्वास रखती है एसडीएससी सभी को कांग्रेस पार्टी ने ऊपर उठाने का कार्य किया भारतीय जनता पार्टी रेल हवाई जहाज फैक्ट्री सभी को बेचने का काम किया नफरत वाली पार्टी को उखाड़ कर फेंकना होगा और जो जनता के हित के बारे में बात करती है उसे केंद्र में लाना होगा।

### गांजा की बिक्री करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस ने देवड़ी मंदिर के समीप होटल में गांजा की बिक्री करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने 7.85 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम बैधनाथ रवानी है और तमाड़ का ही रहने वाला है। मामले का खुलासा करते हुए ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि बीते आठ जनवरी को होटल में गांजा की बिक्री की जानकारी मिली। इसके बाद डीएसपी अजय कुमार और एसएसबी के सहायक कमांडेंट आलोक सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने तमाड़ थाना क्षेत्र के देवड़ी मंदिर के समीप एक झोपड़ीनुमा होटल में छापेमारी की। इस दौरान टीम ने होटल से तीन प्लास्टिक के पैकेट में गांजा बरामद किया। साथ ही होटल संचालक बैधनाथ को टीम ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह आसपास के गांव से गांजा खरीदकर लाते हैं और उसकी बिक्री करते हैं।

# झारखंडी युवाओं के भविष्य के साथ खेलना बंद करे राज्य सरकार: आजसू

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** आजसू सिमडेगा समिति की बैठक छात्रसंघ अध्यक्ष संतोष बड़ाईक की अध्यक्षता में हुई जिसमें अतिथि के रुप में आजसू पार्टी सिमडेगा जिला अध्यक्ष धुपेंद्र पांडे शामिल हुए ।बैठक को संबोधित करते हुए धूपेंद्र पांडे ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार रोजगार और नियोजन नीति के नाम पर यहां के युवाओं को ठगने का काम पिछले 3 वर्षों से कर रही है जो यहां के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है अगर इसी तरह राज्य सरकार युवाओं को छलने का काम करेगी तो झारखंड के छात्र एवं युवा इसका पुरजोर विरोध करेंगे साथ ही आजसू द्वारा आहूत 12 जनवरी को युवा आक्रोश मार्च में सिमडेगा जिला से सैकड़ों की




संख्या में शामिल होंगे ।वही छात्र संघ जिला अध्यक्ष संतोष बड़ाईक ने कहा कि राज्य सरकार ने जो अपने मेनिफेस्टो में हम युवाओं से जो वादा किया था इन सभी बातों को निभाने में राज्य सरकार नाकाम रही इसलिए हम युवाओं को जागने की जरूरत इसलिए आजसू सभी झारखंड के युवाओं से अपील करते है कि इस युवा आक्रोश मार्च में भारी से भारी संख्या में शामिल हो ।बैठक में मुख्य रूप से सचिव विकास बड़ाइक, उपाध्यक्ष अनिल मेहर , उपाध्यक्ष डेनिस विशाल बड़ा ,फुल सिंह बड़ाइक , सोनाली बड़ाइक , विशाल बड़ाइक, राजन कुमार महतो उपस्थित हुए।

## NEWS इन ब्रीफ

### श्रीराम दरबार मंदिर प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर बैठक

**जयनगर।** प्रखंड के गोदखर में 15 से 19 जनवरी तक चलने वाला श्रीराम दरबार मंदिर प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को सफल बनाने को लेकर बैठक नंदलाल मोदी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में यज्ञ को सफल बनाने और एक दिवसीय धन संग्रह वाहन रथ चलाने का निर्णय लिया गया। समिति के अध्यक्ष नवाब मोदी ने बताया कि 15 को जल यात्रा, 16 को पंचांग पूजन, 17 को वेदी पूजन, 18 को वेदी पूजन व प्राण प्रतिष्ठा, 19 जनवरी को वेदी पूजन, हवन और भंडारे के साथ यज्ञ का समापन होगा। यज्ञ को सफल बनाने में पिंटू मोदी, राजू मोदी, गजानंद बरनवाल, रामेश्वर मोदी, मनोज मोदी, प्रदीप मोदी, उमेश मोदी, बबलू मोदी, सुनील मोदी शामिल थे।

### जिले की टीम ने सुखाड़ राहत योजना की जानकारी ली

**बरही।** सोमवार की देर संध्या जिला कृषि पदाधिकारी एवं अनुमंडल कृषि पदाधिकारी ने प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान प्रखंड के विभिन्न सुखाड़ क्षेत्रों के बारे में विस्तृत जानकारी ली गई। बताया गया कि शीघ्र ही जिला की टीम सुखाड़ क्षेत्र का निरीक्षण भी करेगी। इसके साथ ही सूखा राहत योजना में अब तक जिन किसानों का एक केवाईसी नहीं हुआ है उन्हें भी अति शीघ्र करवाने का निर्देश भी दिया गया। इस दौरान प्रखंड कृषि पदाधिकारी आजाद सिंह, प्रखंड तकनीकी पदाधिकारी राकेश कुमार इत्यादि मौजूद रहे।

### सेवा सप्ताह के तहत आरएसएस का जारी है सेवा अभियान



**बरही।** रविवार से आगामी 15 जनवरी तक विभिन्न क्षेत्रों में आरएसएस कार्यकर्ताओं का साप्ताहिक समर्पित सेवा अभियान जारी है। जानकारी देते हुए उपू क्षेत्र सह सेवा प्रमुख त्रिवेणी साव ने बताया कि आरएसएस कार्यकर्ता साप्ताहिक सेवा योजना के तहत निर्धारित कार्यतालिका के आधार पर अपनी सेवा दे रहे है। इसके तहत पहले दिन स्वास्थ्य, शिक्षा इत्यादि से संबंधित जागरूकता अभियान चलाया गया। दूसरे दिन स्वच्छता कार्यक्रम के तहत विभिन्न क्षेत्रों ने सफाई अभियान चलाया गया। तीसरे दिन सेवा पर्यटन के तहत सेवा प्रकल्प का दर्शन, चौथे दिन सेवा उपक्रम के तहत वस्त्र इत्यादि का वितरण, पांचवे दिन विवेकानंद जयंती के अवसर पर रक्तदान, होमियो सेवा, अन्य स्वास्थ्य सेवा, छठे दिन समरसता गोष्ठी, सातवें दिन मकर संक्रांति के अवसर पर समरसता भोज एवं सेवा सप्ताह के अंतिम आठवें दिन विभिन्न सेवा मोहल्ले में खेलकूद प्रतियोगिता इत्यादि का आयोजन किया जाएगा। इस कार्य में खंड कार्यवाह प्रभु राणा, गुरुदेव गुप्ता, संतोष प्रजापति, मनोज कुमार राणा आदि सहित आरएसएस कार्यकर्ताओं का साथ सहयोग मिल रहा है।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर पारण परेड का आयोजन

**कोडरमा।** कोडरमा के चंदवारा स्थित पुलिस लाइन ग्राउंड में सोमवार को प्रोन्नतिचर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर पारण परेड का आयोजन किया गया। 8 सप्ताह तक चले कार्यक्रम के समापन कार्यक्रम के दौरान पुलिस कर्मियो ने आकर्षित परेड का प्रदर्शन भी किया। कोडरमा पुलिस के 42 असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर का सब इंस्पेक्टर में प्रमोशन हुआ है और इन सभी 42 एएसआई ने 8 सप्ताह तक चले प्रशिक्षण कार्यक्रम कांडों के अनुसंधान के अलावे हथियारों के रखरखाव, हथियार प्रशिक्षण, साइबरक्राइम, कांडो में आईपीसी की सुसंगत धाराओं के साथ-साथ मामलों के त्वरित निष्पादन की बारीकियां सीखी।

# मां शारदा की मूर्ति तराशने में जुटे मूर्तिकार

## धूमधाम से होती है सरस्वती पूजा

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** मिट्टी को मिली मूर्ति की आकृति, भगवान समझकर सारा दुनिया है पूजती। जान फूंक देते हैं मिट्टी की प्रतिमा में शिल्पी, पर मेहनत के अनुरूप उन्हें कीमत नहीं मिलती।

सरस्वती पूजा को लेकर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में मूर्तिकार मां शारदा की मूर्ति को आकर्षक बनाने में जुट गए हैं। विदित हो कि प्रखंड क्षेत्र में सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाई जाती है। इस निमित्त बरकट्ठा धर्मशाला, बाजार टांड़ चेचकपी के चौथा आदि स्थानों में मां सरस्वती की मूर्ति बनाई जा रही है। धर्मशाला बरकट्ठा में मूर्ति बना रहे मूर्तिकार गणपत पंडित, ग्राम आमनारी,





गिरिडीह निवासी बताते हैं कि यहां कई वर्षों से मूर्ति बनाने का कार्य कर रहा हूं। वही मूर्ति की कीमत 2 हजार से 7 हजार रखी गई है। मूर्ति बनाने में इनका पुत्र द्वारिका पंडित हाथ बटा रहे हैं। बताया कि हमारे पूर्वजों के द्वारा हर प्रकार की मूर्ति बनाने का कार्य किया जाता था जिसे मैं भी कर रहा हूं। उन्होंने बताया कि हर प्रकार के त्यौहार में सीमेंट व मिट्टी की विभिन्न मूर्तियां बनाता हूं। मूर्ति को पूर्ण करने में एक से डेढ़ माह का समय लगता है। हम लोग एक माह से इस पर कार्य कर रहे हैं। करोना के कारण पिछले 2 वर्ष तक मूर्ति कम बिकी और हम लोगों का पूंजी फंस गया। इस बार पूजा धूमधाम से होने की उम्मीद है और सभी मूर्ति बिक जाने की आशा है।

ग्राम चौथा में मां शारदा की प्रतिमा बना रहे मूर्तिकार मनोहर पंडित ने कहा की मूर्ति दिखने में जितना आकर्षक लगती है उसके पीछे मेहनत भी उतना ही अधिक करना पड़ता है। वहीं जनप्रतिनिधि राजकुमार गिरी ने कहा कि मूर्तिकार काफी मेहनत कर मूर्ति बनाते हैं और तब जाकर पूजा पंडालों में मूर्ति पहुंचती है। इसलिए इनकी कला का कद्र हमें करना चाहिए। कहा कि मिट्टी की प्रतिमा को तराश कर जान फूंकने वाले इन मूर्ति कारों को मेहनत के अनुरूप कीमत नहीं मिलती है।

# 22 तक कृषि ऋण माफी को लेकर विशेष अभियान चलेगा

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** प्रखंड में मंगलवार से आगामी 22 जनवरी तक कृषि ऋण माफी को लेकर विशेष अभियान चलाया जाएगा। 12 जनवरी को जिला कार्यालय से प्रचार रथ के माध्यम से कृषकों को ऋण माफी हेतु ई-केवाईसी करवाने के लिए जागरूक किया जायेगा। इसके लिए सभी कृषक मित्रों को गांव वार डाटा उपलब्ध करवा कर ई केवाईसी नही करवाने वालो किसानो की अद्यतन जानकारी मांगी गई है। उक्त निर्देश सोमवार को आत्मा कार्यालय मे आहूत बैठक में प्रखंड कृषि पदाधिकारी आजाद सिंह ने दिया। बैठक में मुख्य रूप से बीएओ के साथ बीटीएम राकेश कुमार, एटीएम नीलम सुजाता डुंगडुंग मौजूद रहे। जानकारी देते हुए बीटीएम ने बताया कि पूरे हजारीबाग जिला में




मात्र 58000 कृषक कृषि ऋण माफी हेतु सुपात्र पाए गए है। जिनके सभी दस्तावेज सही है। इनमें से 21000 किसानों का भुगतान हो गया है अथवा प्रक्रियाधीन है। शेष 16000 किसानों के भुगतान हेतु बैंकों को डाटा भेजा जा रहा है। कई आवेदन किसान के खाता का आधार लिंक नहीं रहने अथवा खाता और राशन कार्ड में नाम में भिन्नता या एक राशन कार्ड पर एक से अधिक लाभुक के द्वारा ऋण माफी हेतु दावा प्रस्तुत किए जाने के कारण निरस्त भी किए गए है। वही बरही प्रखंड मे कुल 9000 किसानों में से 3397 किसानो ने अब तक ईकेवाईसी नहीं करवाया है। पदाधिकारियों ने सभी किसानों से अपील किया है कि अब तक जिन्होंने ईकेवाईसी नहीं करवाया है या जिनका खाता आधार लिंक नहीं है शीघ्र बैंक से आधार लिंक करवाएं और ईकेवाईसी करवाकर ऋण माफी का हकदार बने। किसान सभी किसानो का कृषि ऋण माफी हेतु प्रतिबद्ध है।

## अपराध पर पुलिस रोक लगाने में असफल : बाबूलाल

**हजारीबाग।** हजारीबाग के चरही में घर में घुसकर एक सिख महिला के दुष्कर्म की कोशिश और पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने की वारदात पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मराण्डी ने कहा कि झारखंड में अपराधियों की बढ़ी हिम्मत से लगातार ऐसी घटनाएं घट रही है। उन्होने कहा कि दुमका की घटना के बाद भी ऐसे अपराधों पर पुलिस रोक लगाने में असफल रही है। श्री मराण्डी ने मुख्यमंत्री से बच्ची के इलाज की समुचित व्यवस्था कराने का आग्रह किया और कहा कि जरूरत पड़े तो किसी बड़े अस्पताल में एयरलिफ्ट कर बेहतर इलाज कराइए। उन्होने कहा कि अपराधियों को पकड़ने की दिशा में जल्द से जल्द कार्रवाई हो और मामले को फास्ट ट्रैक में ले जाकर अपराधियों को कड़ा से कड़ा दंड सुनिश्चित किया जाए।

# लॉन टेनिस एसोसिएशन की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सभी जिले की टीम ले रही हिस्सा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर के कर्जन ग्राउंड में जिला लॉन टेनिस एसोसिएशन की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता चल रही है। प्रतियोगिता में राज्य के सभी जिले की टीम हिस्सा ले रही है यह प्रतियोगिता 11 जनवरी तक चलेगी। प्रतियोगिता में बेहतर करने वाली टीमों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। रविवारसे ये प्रतियोगिता शुरू हुई है। रविवार को पहली अंतर जिला लॉन टेनिस प्रतियोगिता में वुमेंस सिंगल्स का खिताब सैयद आयशा अहमद ने रांची जिला की टीम की तरफ से खेलते हुए अपने नाम किया।उन्होंने इस प्रतियोगिता को अपनी प्रतिद्वंदी शिवानी को जो कि हजारीबाग जिला से खेल रही थी 6-0 से हराकर विजय प्राप्त की। खिलाड़ी सैयद आयशा अहमद रांची जिला बरियातू बस्ती के रहने वाली हैं और रांची




जिला की टीम के तरफ से अपना परफॉर्म करती हैं जिसमें उन्होंने बेहतर स्थान प्राप्त कर अपनी टीम और अपने जिले का नाम रोशन किया है। इनकी जीत के लिए टीम और जिला वासियों की तरफ से बधाई का सिलसिला जारी है। प्रतियोगिता में मुख्य रूप से जिला लॉन टेनिस एसोसिएशन के निदेशक राकेश गुप्ता, कोच मोहम्मद रफीक, चंद्रमोहन पटेल, उदय कुमार, संजय तिवारी, यशबीर जग्गी सहित कई गणमान्य लोग शामिल थे। विजेताओं को उपायुक्त ने सम्मानित भी किया।

# रामगढ़ : डीडीसी ने किया जागरूकता रथ रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के प्रति रामगढ़ जिले के सभी कृषकों को जागरूक करने के उद्देश्य से सोमवार को समाहरणालय रामगढ़ परिसर से उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया। मौके पर उप विकास आयुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत 31 मार्च 2020 तक के मानक केसीसी ऋणी किसानों के केसीसी ऋण बकाया खातों में 50 हजार रुपये तक के बकाया राशि माफ किए जाएंगे। जिसके लिए केसीसी ऋणी किसान अपना केसीसी बैंक खाता, आधार कार्ड, राशन कार्ड, एवं मोबाइल नंबर के साथ मात्र 1 का भुगतान करके अपने नजदीकी प्रज्ञा केंद्रों में आवेदन कर सकते हैं। साथ ही ज्यादा से ज्यादा किसानों को योजना से आच्छादित करने के लिए जिले के सभी प्रखंडों के सभी पंचायतों में ई-केवाईसी/आधार सीडिंग को शत-प्रतिशत पूर्ण करने के लिए 9 जनवरी 2023 से 18 जनवरी 2023 तक विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कृषक अपने संबंधित पंचायत में आयोजित कैंप में जाकर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मौके पर जिला योजना पदाधिकारी रामगढ़, परियोजना निदेशक आत्मा रामगढ़, सहायक निदेशक उद्यान, प्रभारी मिट्टी जांच प्रयोगशाला रामगढ़ सहित अन्य उपस्थित थे।

# जंगली जानवर के हमले में व्यक्ति घायल, एक घंटा लगा रहा जाम



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के बेतला नेशनल पार्क से सटे केचकी पंचायत के सरईडीह के लाली माटी टोला में अज्ञात जंगली जानवर के हमले से गंभीर रूप से राजदेव सिंह नामक युवक घायल हो गया है। घटना अहले सुबह 4:00 बजे की आसपास की बताई जा रही है। राजदेव सिंह अपने घर से ट्रेन पकड़ने के लिए रेलवे स्टेशन केचकी जा रहा था। इसी क्रम मे जंगली जानवर ने उसपर हमला कर दिया। जिसके बाद राजदेव सिंह के द्वारा शोर शराबा किए जाने के बाद उसके आस पास के लोग उस जंगली जानवर का सामना करते हुए उसे खदेड़ दिया। फिर इसकी सूचना लोगो ने गांव वालों को दी। फिर देखते देखते गांव में आग की तरह खबर फैल गई। मामले की सूचना मनिका विधायक रामचन्द्र सिंह को मिली उन्होंने यूथ स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह को घटनास्थल पर भेजा। जिसके बाद राजद प्रखंड अध्यक्ष अली हसन अंसारी और यूथ कांग्रेस स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह के द्वारा वन विभाग और स्थानीय प्रशासन की मौजूदगी में बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जंहा चिकित्सक डॉ अनुपमा एक्का और ड्रेसर राजेश चंद्र उर्फ बबलू व कुंदन कुमार की देख रेख में प्राथमिक उपचार किया गया।

### एक घंटे जाम रहा बरवाडीह मेदिनीनगर मुख्य पथ

जानवर के हमले से नाराज ग्रामीणों ने केचकी चेक नाका के पास एक घण्टे तक सड़क को जाम कर दिया गया। जिससे जाम स्थल पर वाहनों की कतार लग गई। वन विभाग के पदाधिकारियों के जानवर से हमले के बाद भी नहीं पहुंचने पर आक्रोशित है ग्रामीण जिसके कारण सड़क को जाम कर दिया और जमकर वन विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। जिसके बाद मनिका विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक रामचंद्र सिंह से टेलीफोनिक वार्ता व बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय के समझाने बुझाने के बाद व वन विभाग के सार्थक आस्वाशन के बाद जाम हटाया गया।

### क्या कहा डीएफओ कुमार आशीष ने

इस बाबत जब डीएफओ कुमार आशीष से बात किया गया तो उन्होंने ने बताया कि फिलहाल यह स्पस्ट नही हो पाया कि कौन सा जंगली जानवर ने हमला किया है। फिलहाल पगमार्क मिला हैं। फोरेंसिक जांच के बाद ही स्पस्ट हो पायेगा की कौंन से जानवर ने हमला किया गया। साथ उन्होंने कहा सरकारी प्रावधान के तहत जो भी मुआवजा होगा पीड़ित परिवार को दिया जाएगा। व सुरक्षा के लिहाज से वन विभाग की टीम पेट्रोलिंग करेगी व जगह चिन्हित कर ट्रैप कैमरा लगाया जाएगा।

# क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय रांची के निर्देशानुसार 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) के उपलक्ष्य में सोमवार को जिला खेल कार्यालय एवं एनएसएस द्वारा रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में स्पोर्ट्स क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 100 से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया। विजेता खिलाड़ियों को 10 जनवरी को पुरस्कृत किया जाएगा एवं प्रथम दो विजेता प्रतिभागी 11 जनवरी को आर्यभट्ट सभागार रांची कॉलेज रांची में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

मौके पर जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की, छोटू उरांव, भोलानाथ महली, सूरज मुंडा, राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कामना राय, डॉ अनामिका, पूर्व टीम लीडर विकास कुमार, अजित गुप्ता, राहुल कुमार, श्याम कुमार, अंकित अग्रवाल, दिनेश यादव आदि उपस्थित थे।

**प्रतियोगिता में विजेताओं की सूची**

प्रथम - मनीष कुमार
द्वितीय - अशरफ आलम
तृतीय - अमित कुमार महतो

**कार्यक्रम** पोशाक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए मुखिया

# कोई अमीर या गरीब नहीं, सभी छात्र हैं

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोरियाडीह के पोशाक वितरण

### विद्यार्थियो में समरूपता और समानता लाने का सशक्त माध्यम है स्कूल ड्रेस : राजेंद्र

कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि स्थानीय मुखिया राजेंद्र प्रसाद शामिल हुए। अपने उद्बोधन में उन्होंने बताया कि सरकारी विद्यालय निजी विद्यालय से कमतर नहीं है। यहां के शिक्षक अनुभवी और विशेष प्रशिक्षित होते हैं। सरकार शिक्षा व्यवस्था सुधारने के लिए हर संभव प्रयासरत है। पैसे या भोजन के अभाव में कोई भी



बच्चा शिक्षा से वंचित न हो इसके लिए विद्यालय में सरकार सभी व्यवस्थाएं करवा रही है। बावजूद बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति नहीं होना चिंता का विषय है। अभिभावक विद्यालय को सिर्फ पैसा और भोजन का माध्यम न बनाएं। शिक्षा के लिए बच्चो को जागरूक करे, प्रतिदिन साफ सुथरे ड्रेस में बच्चो को निर्धारित समय से विद्यालय भेजे। किसी भी प्रकार की समस्या को शिक्षको को या उन्हें बताए, हर संभव प्रयास करने का प्रयास किया जायेगा। बच्चे देश के भविष्य हैं इनके भविष्य को अंधकारमय न होने दें। स्कूल ड्रेस बच्चों में समरूपता और समानता की भावना लाने में मदद करता है। विद्यालय में कोई अमीर या गरीब नहीं है, सभी विद्यार्थी है। कार्यक्रम में कक्षा एक एवं दो के विद्यार्थियो के बीच में जोड़ी पोशाक, स्वेटर एवं जुता वितरित किए गए। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापिका मीणा कुमारी, पंसस संतोषी कुमारी, उपमुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, महिला नेत्री ममता देवी, एसएमसी अध्यक्ष सोनिया देवी, सीआरपी अरुण प्रसाद मेहता, वार्ड सदस्य गुड़िया देवी, अर्चना कुमारी, बसंती देवी, बालेश्वर प्रसाद, शिक्षक दीनानाथ प्रसाद, अजित कुमार, रेखा कुमारी, मधुबाला कुमारी, ग्रामीण बिनोद कुशवाहा, पिंकी कुमारी, गुड़िया देवी, रीना देवी, रानी देवी, दीना देवी, ललिता देवी, चिंता देवी सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

# अजीबोगरीब : आंगनबाड़ी खुला और कक्षा 1 से 5 तक का पठन-पाठन बंद

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** सरकार के द्वारा निकाले गए निर्देश भी कभी-कभी स्वयं में एक पहेली होता है। ऐसा ही कुछ शिक्षा विभाग में इन दिनों देखने को मिल रहा है। शिक्षा सचिव के निर्देशानुसार शीतलहर को देखते हुए कक्षा 1 से पांच तक के विद्यार्थियों के लिए पठन-पाठन बंद किए गए हैं। जबकि आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले नौनिहालों की पढ़ाई जारी है। जो अपने आप में एक पहेली है। क्या शीतलहर इन नौनिहालों को परेशान नहीं करेगा? इतना ही नही मध्यान्ह भोजन के लिए बच्चो को विद्यालय आना ही पड़ता है । ऐसे में बच्चे भी खुश है, क्योंकि वह खाना के बहाने ग्यारह बजे से ही



विद्यालय पहुंचने लगते हैं। दो बजे मध्यान भोजन समाप्त होने के बाद घर जाते हैं। यह भी एक अजीब स्थिति को दशार्ता है। कई शिक्षकों ने भी सरकार के इस निर्देश को तुगलकी फरमान बताया है। शिक्षकों की माने तो इस प्रकार के बंदी से सिर्फ शिक्षा ही प्रभावित हो रहे है। शिक्षक को अपना समय दे ही रहे है।

